

जब मैंने पहली बार टीम के साथ काम करना शुरू किया, तब शमी टीम का हिस्सा थे। मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं। वह बेहद कुशल खिलाड़ी हैं और टीम के साथ ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी काफी अहम थी। - मोर्ने मोर्कल

भारतीय गेंदबाजी कोच, मोहम्मद शमी की तारीफ करते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

हार्दिक पांड्या



भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की क्रिकेट मैदान पर वापसी में एक बार फिर देरी हो गई है। 14 नवंबर से शुरू होने वाली सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के लिए उन्हें बड़ौदा की टीम में शामिल नहीं किया गया है। उनकी अनुपस्थिति में क्रुणाल पांड्या बड़ौदा टीम की कप्तानी करेंगे। 33 वर्षीय हार्दिक फिलहाल जांघ की चोट से उबर रहे हैं। बीसीसीआई ने बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन को उन्हें मैच खिलाने के बजाय बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन जारी रखने की सलाह दी है। ऐसे में हार्दिक की वापसी के लिए अभी और इंतजार करना होगा।

क्या आप जानते हैं ?... पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 195 स्टंपिंग करने का रिकॉर्ड है।

भारत ने दूसरे वनडे में डकवर्थ-लुईस नियम से न्यूजीलैंड को चार रन से हराया, सीरीज में 2-0 की बढ़त

वेलिंगटन, 7 नवंबर। तेज गेंदबाज गुरनूर बरार के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने बारिश से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को चार रनों से हरा दिया। शनिवार को वेलिंगटन के हेनरी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बरार ने 30 रन देकर चार विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड की टीम 41 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। जवाब में भारतीय टीम ने बारिश के कारण खेल रोके जाने तक 24.4 ओवर में सात विकेट पर 113 रन बना लिए थे। बउस समय भारत डकवर्थ-लुईस-स्टर्न (डीएलएस) पद्धित के निर्धारित पार स्कोर से चार रन आगे था, हालांकि बारिश के कारण मैच शुरु नहीं हो सका और भारत ने 4 रन से जीत हासिल कर ली। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। 135 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। कप्तान शुभमन गिल पहले ही ओवर में बिना खाता खोले जैकब डफी की गेंद पर आउट हो गए। भारत ने 1.1 ओवर में चार रन पर पहला विकेट गंवा दिया। विराट कोहली ने डफी के खिलाफ शानदार कवर ड्राइव लगाकर अपना खाता खोला, जबकि रोहित शर्मा ने काइल जैमीसन की गेंद पर चौका जड़ा। हालांकि, डफी की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में कोहली विल यंग को कैच दे बैठे। वह सात रन बनाकर आउट हुए। भारत का स्कोर 3.4 ओवर में दो विकेट पर 17 रन हो गया।

रोहित शर्मा ने इसके बाद जैमीसन के खिलाफ दो छक्के लगाकर पारी को आगे बढ़ाया। इनमें उनका पसंदीदा पुल शॉट भी शामिल था। हालांकि, जैमीसन की गेंद पर वह हेनरी निकोल्स को स्लिप में कैच दे बैठे।



रोहित ने 27 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 23 रन बनाए। भारत ने 8.4 ओवर में 39 रन पर तीसरा विकेट गंवा दिया। अक्षर पटेल भी बल्ले से संघर्ष करते नजर आए और मैथ्यू फिशर की गेंद पर 17 गेंदों में सात रन बनाकर आउट हो गए। 12.5 ओवर में भारत का स्कोर 47 रन पर चार विकेट था।

इसके बाद उपकप्तान श्रेयस अय्यर और केएल राहुल ने पारी संभालने की कोशिश की। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 39 रन जोड़े। राहुल ने नाथन स्मिथ के 16वें ओवर में चौका और छक्का लगाया, जबकि अय्यर ने फिशर के 19वें ओवर में दो चौके जड़े। जैमीसन ने इस साझेदारी को तोड़ते हुए अय्यर को आउट किया। उन्होंने 46 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाए। भारत ने 20 ओवर में 86 रन पर पांचवां विकेट गंवा दिया।

राहुल ने 22.5 ओवर में छक्का लगाकर भारत को 100 रन के पार पहुंचाया। हालांकि, नमन धीर ज्यादा देर उनका साथ नहीं दे सके। उनका हवाई शॉट डीप बैकवर्ड स्क्वायर पर टिम सीफर्ट ने लपक लिया। नमन ने 16 गेंदों में 12 रन बनाए। भारत का स्कोर 24.4 ओवर में 108 रन पर छह विकेट हो गया। इसके बाद जैमीसन ने अंशुल कंबोज को एक रन पर आउट कर भारत को सातवां झटका दिया। भारत का स्कोर 111 रन पर सात विकेट था। इसी दौरान बारिश ने खेल रोक दिया। उस समय राहुल 38 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 26 रन बनाकर नाबाद थे। भारत डीएलएस पार स्कोर से चार रन आगे होने के कारण विजेता घोषित हुआ।

न्यूजीलैंड के खिलाफ चमके भारतीय तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़, 4 विकेट लेकर जीता प्लेयर ऑफ द मैच

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ ने शनिवार को वेलिंगटन में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने न्यूजीलैंड के 4 बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। उन्होंने इसके साथ ही एक खास उपलब्धि हासिल की। उन्होंने अपने 10 ओवर में 30 रन देकर 4 विकेट चटकाए, जो न्यूजीलैंड की धरती पर किसी भारतीय तेज गेंदबाज का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने न्यूजीलैंड के बल्लेबाज टॉम लैथम, ग्लेन फिलिप्स, कप्तान मिचेल सैंटनर और कप्तान नाथन स्मिथ को आउट किया। न्यूजीलैंड में भारतीय तेज गेंदबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड जवागल श्रीनाथ के नाम है, जिन्होंने 2003 में ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ 23 रन देकर 4 विकेट लिए थे।

// तीसरा अनौपचारिक टेस्ट //

यशस्वी का लगातार दूसरा शतक भारत-ए मजबूत स्थिति में



लिंकन, 7 नवंबर। यशस्वी जायसवाल के लगातार दूसरे शतक और साई सुदर्शन की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ए ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन मजबूत स्थिति बना ली। शनिवार को बर्ट सटक्लिफ ओवल में बारिश के कारण खेल जल्दी समाप्त होने तक भारत ए ने 69.3 ओवर में दो विकेट पर 227 रन बना लिए थे। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत ए की टीम को जायसवाल और सुदर्शन ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 175 रन की साझेदारी की। जायसवाल ने 138 गेंदों पर 16 चौकों और दो छक्कों की मदद से 102 रन बनाए। दौरे पर लगातार दूसरे मुकाबले में शतक लगाकर उन्होंने अपनी लय हासिल करने के संकेत दिए। इससे पहले उन्होंने पिछले मैच में भी शतकीय पारी खेली थी। जायसवाल 47वें ओवर में डैनरू फर्न्स की गेंद पर कैमरन पॉल के हाथों कैच आउट हुए। उनके आउट होने के बाद देवदत्त पडिक्कल क्रीज पर आए, लेकिन वह बड़ी पारी नहीं खेल सके। पडिक्कल ने 53 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 15 रन बनाए। उन्हें 63वें ओवर में जारोड मैके की गेंद पर विकेटकीपर मैक्स चू ने कैच किया। इस समय भारत ए का स्कोर 209 रन था। दूसरे छोर पर साई सुदर्शन ने धैर्य और संयम के साथ बल्लेबाजी जारी रखी। वह 205 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 77 रन बनाकर नाबाद हैं। कप्तान ध्रुव जुरेल ने उनका अच्छा साथ दिया। जुरेल 24 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 12 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 18 रन की अटूट साझेदारी कर दिन का खेल समाप्त किया। न्यूजीलैंड ए की ओर से डैनरू फर्न्स और जारोड मैके को एक-एक विकेट मिला। बारिश के कारण पहले दिन 20 से अधिक ओवर का खेल नहीं हो सका। दूसरे दिन भारत ए की पारी सुदर्शन (77) और जुरेल (12) आगे बढ़ाएंगे। टीम की कोशिश इस मजबूत शुरुआत को बड़े पहली पारी के स्कोर में बदलने की होगी।

उज्जवल की घातक गेंदबाजी से रॉयल क्रिकेट एकेडमी की आसान जीत



जयपुर, 7 नवंबर। मैत्री क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित पांचवीं डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को खेले गए मुकाबले में रॉयल क्रिकेट एकेडमी ने उज्ज्वल चौधरी की शानदार गेंदबाजी की बदौलत मेवाड़िया क्रिकेट एकेडमी को 6 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मेवाड़िया क्रिकेट एकेडमी की टीम 18.4 ओवर में 108 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से दिव्यांश तंवर ने 20, आशीष चौपड़ा ने 10 तथा गौरव चंद्र ने 22 रन बनाए। रॉयल क्रिकेट एकेडमी की ओर से उज्ज्वल चौधरी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 26 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि हितांश ने 6 रन देकर 1 विकेट लिया। जवाब में रॉयल क्रिकेट एकेडमी ने हितांश के नाबाद 31, गौरव चंद्र के 22, प्रियांशु यादव के 14 और ललित शेखावत के 10 रनों की मदद से 14.2 ओवर में 4 विकेट खोकर 109 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। मेवाड़िया क्रिकेट एकेडमी की ओर से सचिन शर्मा, हिमांशु जांगिड़ और दिव्यांश तंवर ने 1-1 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच: उज्ज्वल चौधरी को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

गेंद से छेड़छाड़ विवाद पर उस्मान ख्वाजा का बड़ा खुलासा, पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम थी शामिल

पूर्व मुख्य कोच डैरेन लेहमैन ने कहा, कुछ बातें अनकही ही रहने देनी चाहिए

मेलबर्न, 7 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने 2018 के चर्चित गेंद से छेड़छाड़ विवाद को लेकर बड़ा खुलासा करते हुए दावा किया है कि दक्षिण अफ्रीका दौरे पर हुई इस घटना में पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम, खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ शामिल थे। उन्होंने कहा कि इसकी जिम्मेदारी केवल स्टीव स्मिथ, डेविड वॉर्नर और कैमरन बैनक्रॉफ्ट पर डालना सही नहीं था क्योंकि टीम के सभी लोगों को इसकी जानकारी थी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच डैरेन लेहमैन ने ख्वाजा के इस खुलासे पर सवाल उठाते हुए कहा कि खेल और इससे जुड़े लोगों की भलाई के लिए कुछ बातें अनकही ही रहने देनी चाहिए।

ख्वाजा ने यह बयान अपनी आत्मकथा 'सब्र' के विमोचन से पहले दिया है। उन्होंने 'नाइन' को दिए साक्षात्कार में कहा, इसमें हम सभी शामिल थे। केवल बल्लेबाज नहीं, गेंदबाज भी नहीं बल्कि सहयोगी स्टाफ सहित हम सभी। आदर्श स्थिति में मैं सामने आकर सच बताना नहीं चाहता था। मुझे सचमुच लगा था कि आठ साल बाद तक सच्चाई सामने आ चुकी होगी।



ख्वाजा ने कहा कि उन्होंने घटना के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों से ड्रेसिंग रूम में भी पूरी टीम के तौर पर जिम्मेदारी लेने की बात कही थी। उनके अनुसार, सभी को पता था कि क्या हो रहा है और इसलिए जिम्मेदारी भी सबको मिलकर लेनी चाहिए थी। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ और तीन खिलाड़ियों को ही इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

उन्होंने कहा, मैंने उनसे कहा था कि इसे टीम के रूप में स्वीकार करो। हमने यह सब एक टीम के तौर पर किया था। हमें पता था कि क्या हो रहा है और हमें इसकी जिम्मेदारी भी टीम के रूप में लेनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उन तीनों खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना हुई। मैंने पिछले आठ वर्षों में डेविड वॉर्नर को बार-बार निशाने पर आते देखा है। इतने समय तक चुप रहना और कुछ नहीं कहना, आसान नहीं था।

ख्वाजा ने यह भी खुलासा किया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2018 के मामले की जांच के दौरान उनका साक्षात्कार तक नहीं लिया था। केपटाउन टेस्ट के बाद तत्कालीन मुख्य अखंडता अधिकारी इयान रॉय और टीम प्रदर्शन प्रबंधक पैट हॉवर्ड के नेतृत्व में जांच हुई थी। इसी जांच के बाद स्मिथ, वॉर्नर और बैनक्रॉफ्ट पर प्रतिबंध लगाए गए थे।

लेहमैन ने कहा- कुछ बातें अनकही ही रहने दें

ख्वाजा के खुलासे पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच डैरेन लेहमैन ने असहमति जताते हुए कहा कि कुछ बातें खेल और उससे जुड़े लोगों की भलाई के लिए नहीं उठानी चाहिए। केपटाउन में मार्च 2018 में हुए टेस्ट के दौरान गेंद से छेड़छाड़ की घटना के बाद पद छोड़ने वाले लेहमैन ने शनिवार को एबीसी ग्रैंडस्टैंड से बातचीत में कहा कि इस विवाद की यादें आज भी दुखद हैं।



उन्होंने कहा, आज सुबह काफी कुछ हुआ है, है ना? इससे बहुत बुरी यादें ताजा हो गई हैं। यह ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का बुरा दिन था। दुनिया भर में ऐसा हो रहा था, जैसा कि कई लोग पहले भी कह चुके हैं। लेकिन किसे कितनी जानकारी थी, यह हर व्यक्ति के मामले में अलग-अलग हो सकता है। इस समय इससे जुड़े खिलाड़ियों और उनके परिवारों के लिए मुझे दुख है क्योंकि यह उन्हें फिर उसी बुरे दौर में ले जा रहा है। गर्मियों की शुरुआत में इस तरह की स्थिति अच्छी नहीं है।

असुंथा लाकड़ा के आरोपों पर हॉकी इंडिया ने नहीं दिया फंड, आईओए जांच समिति की बैठक अटकी

नई दिल्ली, 7 नवंबर। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंथा लाकड़ा के आरोपों की जांच के लिये आईओए द्वारा स्वतंत्र समिति के गठन को दो महीने हो गए हैं लेकिन हॉकी इंडिया की ओर से फंड जारी नहीं करने की वजह से अभी तक समिति की पहली बैठक भी नहीं हुई है। आईओए ने हॉकी इंडिया को समिति के मानदेय, यात्रा, आवास और अन्य आकस्मिक खर्चों से संबंधित सभी आवश्यक भुगतान मुहैया कराने का भी निर्देश दिया था लेकिन सूत्रों के अनुसार हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की द्वारा बारंबार ईमेल भेजे जाने के बावजूद अभी तक समिति को फंड जारी नहीं किये गए हैं। हॉकी इंडिया कार्यकारी समिति की सदस्य लाकड़ा ने झारखंड में स्थानीय कोच सुधीर गोल्ला द्वारा लड़कियों के कथित यौन उत्पीड़न पर आपत्ति जताने के बाद हॉकी इंडिया महासचिव भोलानाथ सिंह पर धमकी देने और परेशान करने का आरोप लगाया था। खेल मंत्रालय के निर्देश के बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने सितंबर में उच्च न्यायालय की सेवानिवृत न्यायाधीश दीपा शर्मा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय स्वतंत्र जांच समिति का गठन किया था। इस पैनल में पूर्व ट्रैक एवं फील्ड एथलीट वंदना राव, महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान ममता खरब और वकील सितवत नबी सदस्य के रूप में शामिल हैं। जानकार सूत्रों के अनुसार टिर्की ने आठ और दस अक्टूबर को ईमेल के जरिये हॉकी इंडिया कोषाध्यक्ष शेखर मनोहरन, महासचिव भोलानाथ सिंह और महासंघ के वित्त विभाग को समिति को तुरंत प्रभाव से फंड जारी करने के निर्देश दिये थे। समिति की अध्यक्ष की ओर से पेशेवर फीस और समिति से जुड़े विविध व्ययों के इनवॉइस पहले ही भेजे जा चुके हैं जबकि कानूनी सहायता से जुड़े खर्चों के इनवाइस भी भेजे जा चुके हैं लेकिन इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई।

भारतीय महिला टीम के पूर्व कोच गुरदयाल सिंह का निधन, हॉकी इंडिया ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, 7 नवंबर। हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारतीय महिला हॉकी टीम के पूर्व मुख्य कोच गुरदयाल सिंह भंगू के निधन पर शोक व्यक्त किया। भंगू का 86 वर्ष की आयु में कनाडा के सरे में निधन हो गया। उनके मार्गदर्शन में भारतीय महिला टीम ने 2002 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। टीम की यह ऐतिहासिक उपलब्धि कुछ वर्षों बाद बनी बॉलीवुड फिल्म 'चक दे! इंडिया' की प्रेरणा भी बनी। भंगू को 1998 में भारतीय महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। उस समय विश्व कप में भारतीय टीम 12वें स्थान पर रही थी। भंगू के मार्गदर्शन में टीम ने कुछ ही महीनों बाद एशियाई खेलों में रजत पदक जीता। इसके बाद उन्होंने टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। हॉकी इंडिया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर शोक संदेश में कहा, 2002 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच रहे गुरदयाल सिंह भंगू के 86 वर्ष की आयु में निधन से हॉकी इंडिया शोकाकुल है। भारतीय हॉकी में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं।



पाक से बदलता चुकता करने के लिए उतरेगा भारत

नई दिल्ली, 7 नवंबर। पिछली बार अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान से पराजय झेलने वाला भारत रविवार को होने वाले ग्रुप-ए के महत्वपूर्ण मुकाबले में बदला चुकता करने में कोई कसर नहीं छोडना चाहेगा। भारत ने अपने पहले मैच में नेपाल को 10 विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। उसने 128 रन के लक्ष्य को 19.1 ओवर में हासिल कर दिया था।

मोहम्मद शमी ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा, सीमित ओवरों में खेलते रहेंगे



नई दिल्ली, 7 नवंबर। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है जबकि वह सफेद गेंद के प्रारूपों में खेलते रहेंगे। अपने 13 साल के टेस्ट कैरियर में शमी ने 64 मैचों में 229 विकेट लिये और भारत के लिये वह पारंपरिक प्रारूप में छठे सबसे सफल तेज गेंदबाज रहे। उनसे अधिक विकेट कपिल देव (434), जहीर खान , ईशांत शर्मा (दोनों 311), जवागल श्रीनाथ (236) और जसप्रीत बुमराह (234) ने लिये हैं। छत्तीस बरस के शमी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के बाद से भारतीय टीम से बाहर हैं। उन्होंने शुक्रवार को देर रात इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा ," मैं सफेद जर्सी छोड़ रहा हूं लेकिन इससे जुड़ी यादों को नहीं। जब मैने पहली बार भारत की जर्सी पहनी थी तो एक ही सपना था, देश के लिये खेलना। हर विकेट, हर संघर्ष, हर चोट और हर वापसी ने मुझे कुछ न कुछ सिखाया है।" उन्होंने आगे लिखा ,"टेस्ट क्रिकेट मेरे लिये एक प्रारूप ही नहीं बल्कि मेरे जीवन का खास हिस्सा है। मैं आज भारी मन से असंख्य खूबसूरत यादों के साथ टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं।" उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले स्थित अपने गांव साहसपुर अलीनगर में अपने फार्महाउस से जारी वीडियो में शमी ने अपने टेस्ट कैरियर की यादें भी ताजा की। उन्होंने कहा ," यह 13 साल लंबा सफर रहा। शमी ने कहा कि टेस्ट से संन्यास से उनके कैरियर पर विराम नहीं लगा है बल्कि वह सीमित ओवरों के प्रारूपों में खेलते रहेंगे। उन्होंने कहा ," मुझे छह नवंबर को टेस्ट कैप मिली थी और मैं उसी दिन इस सफर को खत्म करना चाहता था लेकिन मैं सीमित ओवरों के प्रारूप में खेलता रहूंगा, चाहे घरेलू स्पर्धायें हो या आईपीएल।"

पहली विश्व कप जीत के इरादे से उतरेगा हैती, कोच सैंविल ने रक्षापंक्ति मजबूत करने पर जोर दिया

नई दिल्ली, 7 नवंबर। फीफा अंडर-17 विश्व कप में अब तक अपनी पहली जीत का इंतजार कर रही हैती की टीम इस बार इतिहास रचने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। मुख्य कोच कोवस्की सैंविल ने कहा है कि टीम का लक्ष्य ग्रुप चरण से आगे बढ़ना और विश्व कप में पहली जीत दर्ज करना है। इसके लिए टीम ने अपनी रक्षापंक्ति को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया है। फीफा अंडर-17 विश्व कप कतर 2025 में हैती को ग्रुप चरण में मिस्त्र, इंग्लैंड और वेनेजुएला के खिलाफ क्रमशः 1-4, 1-8 और 2-4 से हार का सामना करना पड़ा था। तीन मुकाबलों में टीम ने कुल 16 गोल गंवाए थे। पिछले अनुभव से सबक लेते हुए कोच सैंविल ने इस बार रक्षात्मक रणनीति पर काम किया है। सैंविल ने ब्राजील में टीम के अभ्यास शिविर में फीफा से बातचीत में कहा, "हम अपनी रक्षापंक्ति पर काम कर रहे हैं, ताकि वह एक इकाई के रूप में बेहतर प्रदर्शन करे।

गोकुलम केरल एफसी ने राजस्थान यूनाइटेड को 1-0 से हराया

जयपुर, 7 नवंबर। इंडियन फुटबॉल लीग (आईएफएल) 2026-27 सीजन के दूसरे घरेलू मुकाबले में शनिवार को राजस्थान यूनाइटेड एफसी को गोकुलम केरल एफसी के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। विद्याधर नगर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में राजस्थान यूनाइटेड ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन टीम बराबरी का गोल करने में सफल नहीं हो सकी। मुकाबले में राजस्थान यूनाइटेड के खिलाड़ियों ने संघर्षपूर्ण प्रदर्शन किया, लेकिन गोकुलम केरल एफसी ने एकमात्र गोल की बदौलत पूरे तीन अंक हासिल कर लिए। राजस्थान की टीम ने मैच के अंतिम समय तक बराबरी के लिए प्रयास किए, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली।

मैच के दौरान राजस्थान में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक एवं संरक्षक रामप्रसाद जी उपस्थित रहे। इनके अलावा राजस्थान यूनाइटेड एफसी के वरिष्ठ रणनीतिक सलाहकार एवं पीआरओ रविंद्र पांचाल, राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव दिलीप सिंह शेखावत, क्लब के संयुक्त सचिव त्रिलोक खंडेलवाल, चेयरमैन केके टाक और निदेशक रोशनी टाक भी मौजूद रहे। क्लब के चेयरमैन केके टाक ने दर्शकों और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भले ही मैच का परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा, लेकिन खिलाड़ियों ने मैदान पर प्रतिबद्धता और संघर्ष का परिचय दिया। टीम अपनी कमजोरियों पर काम करेगी और आगामी मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन के साथ वापसी करने का प्रयास करेगी। राजस्थान यूनाइटेड एफसी का अगला मुकाबला 15 नवंबर को समलेश्वरी स्पोर्टिंग ओडिशा के खिलाफ होगा। इस मैच में टीम जीत की राह पर लौटने के इरादे से मैदान में उतरेगी।



सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के लिए राजस्थान की 15 सदस्यीय टीम घोषित, 11 को होगी रवाना

जयपुर, 7 नवंबर। राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) ने सैयद मुश्ताक अली टी-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026-27 के लिए राजस्थान की 15 सदस्यीय सीनियर टीम घोषित कर दी है। टीम में दीपक चाहर, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, महिपाल लोमरोड़, कुणाल सिंह राठौड़ और मुकुल चौधरी सहित प्रदेश के प्रमुख खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। टीम 11 नवंबर 2026 को जयपुर से रवाना होगी। राजस्थान को एलीट ग्रुप के लीग मुकाबलों में उत्तर प्रदेश, झारखंड, चंडीगढ़, बड़ौदा, मिजोरम, कर्नाटक और बंगाल की टीमों से खेलना है।

राजस्थान की 15 सदस्यीय टीम इस प्रकार है

दीपक चाहर (धौलपुर), अजय राज सिंह (अजमेर), कार्तिक शर्मा (भरतपुर), राहुल चाहर (भरतपुर), रामनिवास गोलाड़ा (भीलवाड़ा), रोहन राजबार (जयपुर), अभिजीत तोमर (जयपुर), हिमांशु सिंह राणा (जयपुर), हनी प्रताप सिंह (झुंझुनूं), कुणाल सिंह राठौड़ (कोटा), महिपाल लोमरोड़ (नागौर), मुकुल चौधरी (सीकर), हिमांशु नेहरा (सीकर), अभिषेक मूंड (सीकर), मानव सुथार (श्रीगंगानगर)।

लीग चरण के बाद 30 नवंबर से 4 दिसंबर तक सुपर लीग के मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि प्रतियोगिता का फाइनल 6 दिसंबर को होगा। राजस्थान की टीम इस बार खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी।

राजस्थान के लीग मुकाबलों का कार्यक्रम

14 नवंबर	राजस्थान बनाम उत्तर प्रदेश
16 नवंबर	राजस्थान बनाम झारखंड
18 नवंबर	चंडीगढ़ बनाम राजस्थान
20 नवंबर	राजस्थान बनाम बड़ौदा
22 नवंबर	राजस्थान बनाम मिजोरम
24 नवंबर	कर्नाटक बनाम राजस्थान
26 नवंबर	बंगाल बनाम राजस्थान